# कार्यालय– प्राचार्य,राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा, सोनभद्र

दिनांकः 01.09.2025

## आवश्यक सूचना

स्नातकोत्तर (एम0ए0 / एम0काम0 / एम0एस–सी0) प्रथम वर्ष सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु इच्छुक समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा, सोनभद्र में ऑनलाइन प्रवेश आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि 31.08.2025 थी जिसे बढाकर दिनांकः 04.09.2025 तक किया जाता है। अतः प्रवेश हेतु इच्छुक सभी छात्र / छात्राएं अन्तिम तिथि 04.09.2025 की प्रतिक्षा किये बगैर निम्नलिखित दो चरणों में अपना प्रवेश आवेदन पत्र भर लें।

**प्रथम चरणः–** माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मिर्जापुर के समर्थ पोर्टल लिंक https://mvvuadm.samarth.edu.in/index.php पर क्लिक करके विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रेशन करें, तत्पश्चात रजिस्ट्रेशन स्लिप की प्रिंटआउट प्राप्त कर छात्र / छात्राएं अपने प्रवेश काउंसिलिंग के समय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा, सोनभद्र में प्रस्तुत करेगें। समर्थ पोर्टल पर विश्वविद्यालय द्वारा रजिस्ट्रेशन शुल्क रु100 निर्धारित किया गया है।

**नोट–**

महाविद्यालय में प्रवेश हेतु माँ विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मिर्ज़ापुर की समर्थ वेबसाइट https://mvvuadm.samarth.edu.in/index.php पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। इससे अभ्यर्थी को पंजीकरण संख्या (MVVURN…….. ) मिलेगा जिसको राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा, सोनभद्र के आनलाईन प्रवेश आवेदन पत्र में भरना अनिवार्य होगा। इसके बिना अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु अर्ह नहीं माना जायेगा। किसी अन्य विश्वविद्यालय के पंजीकरण से इस महाविद्यालय में प्रवेश संभव नहीं है।

द्वितीय चरणः– दिनांक 04 सितम्बर 2025 तक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा, सोनभद्र की वेबसाइट www.gpgcobra.ac.in & www.onlinegpgcobra.org पर अपना आनलाईन प्रवेश आवेदन भरें तथा आवेदन पत्र की प्रिंटआउट प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रखें।

**समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश–**

1. आवेदक को समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करते समय अपना सभी व्यक्तिगत इनफॉरमेशन को सही और बहुत सावधानी पूर्वक भरें क्योंकि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत रजिस्ट्रेशन फार्म में किसी भी तरह का परिवर्तन संभव नहीं होगा।
2. आवेदक द्वारा दर्ज किया गया नाम और अन्य विवरण कक्षा X बोर्ड मार्कशीट में दिए गए विवरण के समान होना चाहिए।
3. समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के समय आवेदक को अपना स्वयं का सक्रिय ईमेल पता और मोबाइल नम्बर ही उपयोग करना है क्योंकि प्रवेश से संबंधित सभी ऑफिशियल इनफॉरमेशन इसी ईमेल पते और मोबाइल नम्बर के माध्यम से किया जाएगा। 4. समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन पूर्ण करने में कुल 02 स्टेप हैं। दोनों **Step 01 (Complete Profile) & Step 02 (Pay Registration Fees)** को पूर्ण करने के उपरांत दस्तावेज का प्रिंटआउट प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रखें।
5. समर्थ पोर्टल का User ID (Registration No/ Registered Email ID) तथा Passward अपने पास सुरक्षित रखें।

प्रो0 (डॉ0) प्रमोद कुमार
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
ओबरा, सोनभद्र